विश्व बैंक के सहयोग से चलायी जा रही परियोजनाओं में चोरी

1983. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे की विभिन्न जोनों में विश्व बैंक के सहयोग से चलाई जा रही परियोजनाओं के निर्माण कार्य में लगे ठेकेदारों द्वारा चोरी किया गया कितने मूल्य का सामान अब तक पकड़ा गया है;

(ख) क्या यह सच है कि निर्माण के प्रयोजन के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले सामान की चोरी में अधिकारियों का भी हाथ था, और

(ग) यदि हां, तो उन ठेकेदारों और अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) रेलवे के विभिन्न जोनों पर विश्व बैंक के सहयोग से चलायी जा रही परियोजनाओं के निर्माण के संबंध में उठाईगीरी की कोई सूचना नहीं मिली है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

रेलवे की बुकिंग एजेंसियां

1984. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न रेलवे जोनों द्वारा टिकट बेचने के लिये, जोन-वार, कितने कमीशन एजेंट नियुक्त किये गए हैं,

(ख) क्या यह सच है कि कमीशन एजेंटों की नियुक्ति के लिये समाचार-पत्रों में विज्ञापन नहीं छपाये जाते और इसके बजाय उन्हें अधिकारियों द्वारा ही मनोनीत कर दिया जाता है ; और

(ग) क्या इस मामले की जांच करवाकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही किये जाने का विचार है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री बंसी लाल) : (क) भारतीय रेलों पर वर्तमान प्रणाली के अन्तर्गत, रेलों द्वारा कमीशन एजेंटों की कोई नियुक्ति नहीं की जाती है । तथापि यात्री माल तथा पार्सल यातायात की बुकिंग के लिए रेलों द्वारा निम्नलिखित एजेंट नियुक्त किये जाते हैं :—

(1) सिटी बुकिंग एजेंट

(2) आउट एजेंट

(3) टूरिस्ट एजेंट

(4) रेलवे ट्रेवलर्स सर्विसेज एजेंट, और

(5) हाल्ट एजेंट

सिटी बुकिंग/आउट एजेंटों की नियुक्ति क्षेत्रीय रेलों द्वारा समाचार पत्रों में प्रतियोगी निविदाएं आमंत्रित करके की जाती हैं, किसी अधिकारी द्वारा नामांकन के माध्यम से नहीं । इन एजेंटों को करार के अनुसार यात्री टिकटों की बिक्री पर कमीशन दिया जाता है । पर्यटन एजेंटों की नियुक्ति उनके अनुरोध पर तथा पर्यटन मंत्रालय में पंजीकरण कराने के बाद की जाती है । उनके लिए समाचार पत्रों में कोई विज्ञापन नहीं दिया जाता है । रेलवे ट्रेवलर्स सर्विसेज एजेंट योजना को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है । कमीशन पर यात्री टिकटों की बिक्री के लिए रेलों द्वारा नियुक्त किये गये एजेंटों की जोनवार संख्या नीचे दी गयी है :—

1.	मध्य रेलवे	5
2.	पूर्व रेलवे	111
3.	उत्तर रेलवे	282
4.	पूर्वोत्तर रेलवे	147
5.	पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	41
6.	दक्षिण रेलवे	191

7. दक्षिण-मध्य रेलवे . . . 100
8. दक्षिण-पूर्व रेलवे . . . ——
9. पश्चिम रेलवे . . 6

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप

1985. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी :

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन वर्षों के दौरान रक्षा मंत्रालय के कितने अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए, उनमें से कितने अधिकारियों को दोषी पाया गया कितनों को सजा दी गई और कितनों के विरुद्ध जांच की कार्यवाही लम्बित है ?

रक्षा मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : रक्षा मंत्रालय की सतर्कता डिवीजन में रखे गए रिकार्ड के अनुसार इस मंत्रालय और इसके सम्बद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों के सिविलियन अधिकारियों (राजपत्रित) से संबंधित तीन वर्षों की अवधि, अर्थात् 1982, 1983 और 1984 की अपेक्षित सूचना इस प्रकार है :—

उन अधिकारियों की संख्या जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं	उनकी संख्या जो दोषी पाए गए और दण्डित किए गए	उनकी सं० जो निर्दोष ठहराए गए	उन मामलों की संख्या जो लम्बित पड़े है
53	24	11	18

ब्यौरेवार विवरण संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष	उन अधिकारियों की संख्या जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं			उन अधिकारियों की संख्या जो दोषी पाए गए और दण्डित किए गए	उन अधिकारियों की संख्या जिन को आरोप मुक्त पाया गया	उन अधिकारियों की संख्या जिन के मामले वर्ष के अन्त में लम्बित पड़े थे
	अर्थ शेष	वर्ष के दौरान जिनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई	योग			
1982 .	12	14	26	13	5	8
1983 .	8	14	22	9	4	9
1984 .	9	13	22	2	2	*18

*अदालतों में लम्बित पड़े 8 मामलों सहित।